सत्यमेव जयते

पंचदश

बिहार विधान-सभा

पंचम सत्र

अल्प-सूचित प्रश्न

वर्ग-1

सोमवार तिथि 08 फाल्गुन, 1933 (श०) / 27 फरवरी, 2012 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या--02

(1) वित्त विभाग	..	01
(2) वाणिज्य-कर विभाग	..	01
	कुल योग ..	02

ऋण दिलाना

8. श्री जितेन्द्र कुमार राय--दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 03 सितम्बर, 2011 के अंक में छपी खबर '' एजुकेशन लोन में बिहार की हिस्सेदारी महज एक फीसदी'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार राज्य के 99 प्रतिशत आवेदक ऋण प्राप्त करने की पात्रता रखते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य के छात्रों द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक की मानक पात्रता रखने के बाद भी राज्य के बैंकों द्वारा मात्र 1 फीसदी ही शिक्षा ऋण प्रदान किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्य के छात्रों को बैंकों द्वारा शिक्षा ऋण शत-प्रतिशत दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

वाणिज्य-कर दायरा बढ़ाना

9. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, वाणिज्य-कर विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में वाणिज्य-कर से कुल आय का 80 प्रतिशत राजस्व राजधानी पटना के व्यवसायियों से प्राप्त होता है, यदि हां, तो क्या सरकार राज्य के अन्य बड़े व्यवसायिक शहरों यथा मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, भागलपुर, दरभंगा, गया एवं कटिहार के व्यवसायियों से प्राप्त हो रहे वाणिज्य-कर का दायरा बढ़ाने हेतु कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पटना :
दिनांक 27 फरवरी, 2012 (ई०) ।

लक्ष्मीकांत झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

बि०स०मु० (एल०ए०), 111--डी०टी०पी०--450